वर्ष: 14 - अंक : 81, मुंबई, शनिवार, 18 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर





DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# 5 घंटे में पहुंचेंगे मुंबई से गोवा

## हाईवे का काम जून तक पूरा

### कोंकणवासियों को मिलेगी राहत



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हर वर्ष विशेषकर गणेशोत्सव के दौरान चर्चा में रहने वाले मुंबई-गोवा हाईवे का काम जून तक हो पूरा जाएगा। वर्षों से लंबित मुंबई-गोवा महामार्ग का काम नए सिरे से पूरा होने पर कोंकण वासियों को बड़ी राहत मिलने वाली है। यह जानकारी भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दी है। उत्तर मध्य मुंबई लोकसभा सीट से उम्मीदवार उज्वल निकम के लिए आयोजित प्रचार रैली में आए गडकरी ने कहा कि मुंबई गोवा हाइवे को लेकर काफी समस्या हुई परंतु अब जल्द ही सब कठिनाई दूर होने वाली है। नितिन गडकरी ने दावा किया है कि चिपलून फ्लाईओवर को छोड़कर मुंबई-गोवा हाईवे का पूरा काम जून के अंत तक पूरा हो जाएगा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### रो रो सेवा शुरू

*गडकरी ने कहा है कि हमने कोंकण नागरिकों की मांग के अनुसार बीपीटी से रो रो सेवा शुरू की है। अब आप रो रो से सीधे अलीबाग तक वाहन ले जा सकते हैं। अलीबाग से मुंबई-गोवा हाईवे से जुड़ जाएगा। मुंबई से अलीबाग सड़क मार्ग से साढ़े तीन घंटे और रो-रो मार्ग से 45 मिनट लगते हैं। इससे कोंकण से मुंबई कारोबार के लिए आने वाले व्यापारियों का सफर आसान हो जाएगा। नितिन गडकरी ने कहा कि विरार-दिल्ली हाईवे का काम एनएचआई के जरिए किया जा रहा है। यह हाईवे सीधे जेएनपीटी तक जाएगा। इससे युवाओं के लिए रोजगार पैदा होगा, जिसका लाभ पूरे इलाके को मिलने वाला है।*



# नागपुर और विदर्भ में 2 दिन बेमौसम बारिश का येलो अलर्ट जारी

## मुंबई में भीषण गर्मी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गर्मी और बारिश ऐसे दोनों तरह के मौसम दिख रहे है। आर्थिक राजधानी मुंबई में तापमान एक बार फिर बढ़ गया है। बता दें कि सांताक्रूज में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में अब मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को मुंबई में मतदान के दिन तापमान 33 से 35 डिग्री के बीच रहेगा। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि हालांकि आने वाले दिनों में तापमान ज्यादा नहीं बढ़ेगा, लेकिन मौजूदा गर्म मौसम से ज्यादा राहत नहीं मिलेगी। इसके अलावा विदर्भ में होने वाला है, दरअसल यहां फिर से बेमौसम बारिश होने की संभावना है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# पत्रकार हत्या का मुख्य आरोपी ट्रेन से फरार

## लापरवाही के लिए पुलिसकर्मी निलंबित



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** यूपी के जौनपुर जिला स्थित शाहगंज में पत्रकार की दिनदहाड़े हत्या का मुख्य आरोपी के ट्रेन से फरार होने की घटना से खलबली मच गई। बताया गया कि पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के आरोपी जमीरूद्दीन को मुंबई के पास ठाणे जिले के भिवंडी से पुलिस ने गिरफ्तार किया था। यूपी पुलिस आरोपी को अपनी कस्टडी में लेकर ट्रांजिट रिमांड पर उसे गोदान एक्सप्रेस से मुंबई से जौनपुर ले जा रही थी। ट्रेन मध्य प्रदेश के खंडवा रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी, इसी बीच रात में आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस कस्टडी में लापरवाही बरतने पर एसपी ने शाहगंज कोतवाली के उप निरीक्षक मंसा राम गुप्ता और कांस्टेबल बृजेश मिश्रा को निलंबित कर दिया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# पुलिस रिमांड में भिंडे करेगा कई राज का खुलासा

## लापरवाह अधिकारियों की गिरफ्तारी की आशंका

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने घाटकोपर होर्डिंग हादसे के गुनहगार भावेश भिंडे को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। लेकिन जांच टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती भावेश भिंडे के मददगारों का खुलासा करने और इस दर्दनाक हादसे के असल कितने जिम्मेदार चेहरे है उसका पर्दाफाश करने की है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि, भिंडे की 10 दिन की पुलिस हिरासत के दौरान, उससे पूछताछ की जाएगी कि वह अपने होर्डिंग्स के लिए अधिकारियों से लाइसेंस और एनओसी कैसे प्राप्त करने में कामयाब हुआ था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### होर्डिंग हादसे में कार्तिक आर्यन के मामा-मामी की मौत

मुंबई के घाटकोपर हादसे में बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के मामा और मामी की मौत हो चुकी है। घाटकोपर होर्डिंग हादसे में तीन दिन बाद बुधवार को 2 शव निकाले गए थे। इस दौरान शव को पहचान पाना मुश्किल हो गया था। इस बाद मृत दंपति के बेटे ने अंगूठी और जेवर से माता-पिता की पहचान की। इसके बाद पता चला कि इस हादसे में कार्तिक के मामा-मामी की मौत हो गई है। बता दें कि एक्टर के मामा इंदौर एयरपोर्ट के पूर्व डायरेक्टर मनोज चंसोरिया थे। मनोज अपनी वाइफ अनीता चंसोरिया के साथ जबलपुर के सिविल लाइन में स्थित मरियम चौक में रहते थे। कार्तिक आर्यन के मामा और मामी का अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया।



लापरवाह अधिकारियों की गिरफ्तारी की आशंका

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### वाह! मोदी का ईदी खाना!

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का पटना और बनारस में शो लाजवाब था। अपनी आत्ममुग्धता में उन्होंने फिर जताया कि वे अपने चेहरे, अपनी झांकियों से वोट पकने के विश्वास में हैं। साथ ही तुरूप का यह नया इक्का भी फेंका कि उनका बचपन तो मुस्लिम परिवारों के बीच बीता है! उनके घर में ईद के मौके पर खाना नहीं बनता था। उनके घर मुस्लिम पड़ोसियों के यहां से खाना आता था और हम खाते थे। मोदी मुहर्रम पर ताजिया भी करते थे। जाहिर है नरेंद्र मोदी ने इतना कुछ कहा है तो शायद पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार के मुस्लिम वोटों के पटने का ख्याल हो! या मुसलमान खिलाफ वोट करने के बजाय मतदान के दिन बेफिक्र रहें! सचमुच मोदी के बनारस शो से बहुत कुछ जाहिर हुआ। उन्होंने तमाम चंपू चैनलों, लाइन हाजिर पत्रकारों को जुमले दिए। अपने पर फूल बरसवाए। फील गुड का भौकाल बनाया। और मेरा मानना है यह सब बुझने से पहले दीये की लौ का तेज भभके से फड़फड़ाना है। यह भी उम्मीद बांधना है कि मुसलमान आएंगे और दीये में तेल डालेंगे। पर क्या सचमुच? मोदी क्या इतने मासूम हैं जो आखिरी तीन राउंड में मुस्लिम वोट मिलने के ख्याल में हैं? आखिर मुसलमान के घर से खाना आने, ईद और ताजिया मनाने के डायलॉग (या झूठ) सामान्य नहीं हैं। बनारस में हिंदू-मुस्लिम एकता का चोगा पहन नरेंद्र मोदी की दे, दे अल्लाह के नाम की मैसेजिंग हर तरह से अप्रत्याशित है। ऐसा होना चुनाव की जमीनी वास्तविकता को बताने वाला है। मतलब नामुमकिन नहीं जो उत्तर प्रदेश में भी गुलगपाड़ा हो! ठीक विपरीत यह भी सोच सकते हैं कि मुसलमानों में फीलगुड के संदेश से नरेंद्र मोदी ने चार सौ पार के नारे को सही बनाने का जुगाड़ किया है। मतलब वे चार सौ पार सीटें आती देख रहे हैं और उसके जस्टिफिकेशन में बाद में वे यह दलील देंगे कि ऐसा होना मुसलमानों के वोट से भी हुआ। इसलिए या तो घबराहट है या चार सौ पार के बंदोबस्तों का आत्मविश्वास! पर मोदी का कभी ठंडा, कभी गरम रूख घबराहट का संकेत है। सवाल है कि यदि मोदी और अमित शाह ने कहीं एकमुश्त मुस्लिम वोटों की उम्मीद पाली भी तो मोदी ईद मनाने तक ही क्यों थमे? मोदी-शाह को तब घोषणा कर देनी थी कि यदि चार सौ पार हुए तो सऊदी बादशाह से विशेष अनुमति ले कर वे हज यात्रा करेंगे। हां, मोदी के बनारस और सऊदी राजा सलमान के काबा का सांस्कृतिक साझा बनाने की झांकी बनाना मोदी के लिए बाएं हाथ का काम है। वोट के लिए तो मोदी से सब मुमकिन है। वे अपने को इस्लाम में भी बतौर विश्वगुरू स्थापित कर सकते हैं। यदि मुसलमान वोट का भरोसे दे दे तो वे संघ की शाखाओं में आयतें पढ़वाने लगेंगे। मोहन भागवत टीवी पर आ कर कहेंगे अब से शाखाओं में कुरान की फलां-फलां अमनपरस्त आयतें पढ़ी जाएंगी! वोट के लिए मोदी कुछ भी करेंगें। इसलिए लब्बोलुआब में मोदी की यूपी चिंता झलकी है। मैं मतदान के पहले चरण से मान रहा हूं कि हर राज्य में भाजपा की सीटें घटेंगी। 2019 कतई रिपीट नहीं है। कोई राज्य नहीं है, जिसमें भाजपा की सीट बढ़े। बावजूद इसके मैं उत्तर प्रदेश में भाजपा की 2019 की 64 सीटों में कम ही गिरावट मानता था। मगर नरेंद्र मोदी पटना और वाराणसी में जिस बदहवासी में रोड शो करते दिखे। पूरे पूजा-पाठ के साथ नामांकन का जो लाइव प्रसारण हुआ तो जाहिर है नरेंद्र मोदी का अपने भक्तों पर से विश्वास डिगा है क्योंकि वे पहले जैसे वोट देने नहीं निकले हैं।

# आयुक्त ने भरी धूप में दोपहिया वाहन से सौ फीट सड़क का किया निरीक्षण, ठेकेदार समेत अधिकारियों को सख्त निर्देश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली।** सांगली मिरज और कुपवाड शहर नगर निगम के आयुक्त और प्रशासक शुभम गुप्ता ने अपने ऊजार्वान और तेजतर्रार काम करने के तरीके के कारण सौ फीट रोड के काम का निरीक्षण करते हुए सभी नगर निगम क्षेत्रों के नागरिकों के दिलों में एक विशेष जगह बनाई है। कुछ दिन पहले लोकहित मंच की ओर से आयुक्त ने उक्त सड़क का निरीक्षण किया था। इसकी मांग की गई थी। तदनुसार आज आयुक्त शुभम गुप्ता ने स्वयं उपस्थित होकर यहां के कार्य एवं स्थिति का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पाया कि सड़क का काम घटिया तरीके से किया गया है और अतिक्रमण को लेकर ठेकेदार और



अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। इस मौके पर लोकहित मंच के अध्यक्ष मनोज भिसे ने इलाकों की विभिन्न समस्याएं रखीं जैसे वालचंद कॉलेज चौक, धामनी रोड चौक, डी मार्ट, शामराव नगर चौक और कोल्हापुर रोड पर अतिक्रमण को लेकर जल्द ही उचित होगा वही निर्णय लेकर कार्रवाई की जायेगी। गुणवत्तापूर्ण कार्य, बिजली के खंभों की शिफ्टिंग। इस घटना से आयुक्त शुभम गुप्ता की छवि जनता के साथ घुल-मिलकर उनकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान हेतु तत्काल निर्णय लेने वाले अधिकारी के रूप में और अधिक प्रतिष्ठित हुई है। सांगली के विकास के लिए सांगली के सभी लोग ऐसे अधिकारियों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे, जहां आवश्यक होगा, बड़ी जनभागीदारी होगी। कुल मिलाकर ऐसा लग रहा है की सांगलीकर की जनता नवनियुक्त आयुक्त श्री शुभम गुप्ता के काम से खुश है। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त चंद्रकांत खोशे, शहर अभियंता पृथ्वीराज चव्हाण, विद्युत अभियंता अमर चव्हाण, शहर अभियंता परमेश्वर हलकुडे, शाखा अभियंता वार्ड समिति दो ऋतुराज यादव, लोकहित मंच अध्यक्ष मनोज भिसे, चेतन गाडे, राजेश शिरटीकर, मिलिंद कांबळे, जयराज पाटिल, पंकज मुळे आदि मौजूद रहे।

# मधुबनी लोकसभा के बिस्फी प्रखंड में पूर्व विधायक उमाकांत यादव का जनसंपर्क अभियान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मथुबनी।** मधुबनी लोकसभा के विसफि प्रखंड अंतर्गत प प्रोफेसर उमाकांत यादव पूर्व विधायक बाबू बरही के द्वारा किए जा रहे हैं जनसंपर्क के दौरान महान जनता का इस रात्रि में भी जिस तरह से समर्थन मिल रहा है उससे अब पूर्ण विश्वास हो चुका है की मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में जनता के आशीर्वाद से इस बार राष्ट्रीय जनता दल एवं महागठबंधन प्रत्याशी माननीय श्री अली अशरफ फातमी साहब के समर्थन में भारी मतदान होने जा रहा है एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री युवाओं के चहेता श्री तेजस्वी प्रसाद



यादव के हाथों को मजबूत करने के लिए मधुबनी की जनता दृढ़ संकल्पित है इस बार का मतदान बेरोजगारी के खिलाफ, महंगाई के खिलाफ रोजगार के लिए, एवं संविधान बचाने के लिए, जात-पात से ऊपर उठकर होने जा रहा है। आप तमाम मतदाता मालिकों से आग्रह कि देश में सेना एवं बेरोजगार युवाओं सम्मान में अग्नि वीर योजना जैसी योजनाओं के सम्मापति हेतु 20 तारीख को क्रम संख्या एक का बटन दबाकर माननीय श्री अली अशरफ फातमी साहब को भारी से भारी मतों से विजय बनाए और तेजस्वी यादव को हाथ को मजबूत करें।

## जयनगर वासियों को रेलवे की सौगात, दिल्ली का सफर होगा आसान

**मधुबनी।** मिथिलांचल वालों को रेलवे के द्वारा बड़ी खुशखबरी है रेलवे विभाग की ओर से मिथिलावासियों के लिए एक तोहफा है जल्द ही मिथिला क्षेत्र से वंदे भारत रेल गाड़ी मिलने वाली है जो नेपाल सीमा तक पहुंचेगी दरअसल भारतीय रेलवे ने जल्द ही जयनगर से दिल्ली तक वंदे भारत का परिचालन शुरू करने की घोषणा की है खासकर उन यात्रियों के लिए जो मिथिला से दूर दिल्ली में




रहते हैं और साधन के अभाव में अपने गांव आने में कठिनाइयों का सामना करते हैं या आने में काफी समय बर्बाद करते है इस बारे में भारतीय रेलवे के अधिकारियों ने जानकारी दी है की टाइम-टेबल रुट और ट्रेन किन स्टेशनों पर रुकेगी जल्दी ही इसकी घोषणा की जाएगी। आपको बता दें की काफी लंबे वक्त से मिथिलावासियों गुजारिश थी की वंदे भारत ट्रेन इन इलाके में चले। अब रेलवे से मिली इस जानकारी से वहा के लोगों में खुशी लहर है इस ट्रेन के परिचालन से दिल्ली आने-जाने में आसानी होगी साथ ही साथ समय की बचत होगी और यात्राभी आरामदायक होगा। अब वहा के लोग इस ट्रेन के संचलित होने का इंतजार कर रहे है।

## दुनिया के सभी देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों की सराहना कर रहे हैं: गृहमंत्री अमित शाह

**मधुबनी।** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां जोरों पर हैं। देशभर में चुनावी सरगर्मियां तेज हैं, ऐसे में राजनीतिक पार्टियां अपने प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। लगातार जनसंवाद अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में बीजेपी के गृह मंत्री अमित शाह ने अपने चुनावी दौरे पर मधुबनी के रहिका मध्य विद्यालय में बीजेपी प्रत्याशी अशोक कुमार यादव के पक्ष में सभाओं को संबोधित किया जनता को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है कि देश के अन्य राज्यों की तरह ही मधुबनी लोकसभा



में भी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भारी बहुमत से विजयी होंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपेंगे लोग भाजपा सरकार के कार्यों से खुश हैं और दस साल में फिर से भाजपा को सत्ता सौंपना चाहते हैं तुष्टिकरण और जातिवाद की राजनीति ने सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार किया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# सचिन पायलट का मुंबई एअरपोर्ट पर किया अ. फहिम हाजी इब्राहिम शेख ने सत्कार



**मुंबई।** कॉग्रंस के वरिष्ट नेता सचिन पायलट का मुंबई एअरपोर्ट पर उत्तर मध्य मुंबई युवक कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष अ. फहिम हाजी इब्राहिम शेख ने अपने शेकडो युवक कॉंग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ के साथ सचिन पायलट का शाल और बुके देकर शानदार सत्कार किया। कॉंग्रेस नेता सचिन पायलट उत्तर मध्य मुंबई की इंडिया महाविकास आघाडी की लोकसभा प्रत्याशी प्रो. वषार्ताई गायकवाड के प्रचार के लिए बी. के.सी. की सभा के लिए मुंबई एअरपोर्ट पर आगमन हुआ। इस वक्त उत्तर मध्य मुंबई युवक कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष अ. फहिम हाजी इब्राहिम शेख के नेतृत्व मे शेकडो कॉंग्रेस के कार्यकर्ता सचिन पायलट के स्वागत के लिए एअरपोर्ट पर पहुचे। जैसे हि कॉंग्रेस नेता मुंबई एअरपोर्ट पर आगमन हुआ कॉंग्रेस के शेकडो कार्यकर्ताओ ने सचिन पायलट के शान में जिंदाबाद के नारे लगाए. इस वक्त कॉंग्रेस नेता ने सभी कॉंग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ से मिले और सभी कॉंग्रेस के पदाधिकारीयो के सत्कार को स्विकारा और कार्यकर्ताओ के साथ छायाचित्र भी खिचवांए. इस वक्त प्रमुख उपस्थिती में उत्तर मध्य मुंबई युवक कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष अ. फहिम हाजी इब्राहिम शेख, समि रहबरखान, सलमान सलीम सय्यद, उत्तर मध्य मुंबई कॉंग्रेस के उपाध्यक्ष फजल सौदागर, इर्शाद काजी, मुंबई कांग्रेस वर्किंग कमिटी के मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफर सिद्दीकी, उसमानखान उर्फ लाला, पप्पु शेख, अलतमश, ख्वाजा भाई, और शेकडो कार्यकर्ताओ की उपस्थिती थी।

# गोदरेज इंटीरियो ने कल्याण में अपना नया स्टोर लॉन्च किया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कल्याण।** गोदरेज एंड बॉयस की अग्रणी होम एवं ऑफिस फर्नीचर बिजनेस यूनिट, गोदरेज इंटीरियो ने त्रिवेणी ग्रांड, कल्याण में अपना नया फ्रेंचाइजी स्टोर खोला है। 6000 वर्गफि ट में फैला यह स्टोर कल्याण और भारत के पश्चिमी बाजारों में गोदरेज इंटीरियो की रिटेल पहुँच का विस्तार करेगा।

यह स्टोर कल्याण में आधरवाडी के आवासीय डेवलपमेंट एरिया में स्थित है। यहाँ होम स्टोरेज, होम फर्नीचर और मैट्रेस के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का विशेष संग्रह विभिन्न स्टाइल और फिनिशिंग में उपलब्ध है। इस नए स्टोर में यह ब्रैंड ग्राहकों को समर वाइब सेल में होम फर्नीचर पर 35% तक की छूट प्रदान कर रहा है। कल्याण में इस नए स्टोर के उद्घाटन के बारे में गोदरेज इंटीरियो के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड, सेल्स एंड मार्केटिंग (बी2सी), डॉ. देव नारायण सरकार ने कहा, ह्लकल्याण में हमारे इस नए प्रतिष्ठान से आधुनिक घरों में लिविंग स्पेस को प्रीमियम गुणवत्ता, फंक्शनलिटी और एस्थेटिक आकर्षण प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। हमारे शोरूम्स में ग्राहकों को शॉपिंग का दिलचस्प अनुभव प्राप्त होता है, और उन्हें विभिन्न स्टाइल, डिजाइन, और फीचर्स के साथ व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी मिलता है। हम ग्राहकों के लिए एक खुशनुमा और प्रेरणाप्रद वातावरण स्थापित करना चाहते हैं, ताकि वो सोच समझकर अपनी पसंद के अनुरूप निर्णय लेने में समर्थ बनें। यह स्टोर एक महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है, और इसके साथ गोदरेज इंटीरियो की मजबूत एवं बढ़ती ब्रैंड रिकॉल की मदद से हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 तक इस स्टोर का राजस्व बढ़कर 400 लाख रुपये तक पहुँच जाएगा। इस नए स्टोर की शुरूआत के साथ गोदरेज इंटीरियो ने पश्चिमी भारत में अपना विस्तार किया है, जहां पहले से ही इसके पास एक बड़ा ग्राहक आधार है। हम वित्त वर्ष 2025 के अंत तक राज्य में 60 अन्य आउटलेट खोलने की योजना पर काम कर रहे हैं, और अगले तीन सालों में 20% वृद्धि करना चाहते हैं। हमें राज्य में अपना राजस्व 150 करोड़ रुपये और पश्चिमी क्षेत्र में 280 करोड़ रुपये तक पहुँचने का भी अनुमान है।



गोदरेज इंटीरियो ने हाल ही में 'होमस्केप्स' नाम से एक अध्ययन किया, जिसमें होम और होम डेकोर में ग्राहकों के अद्वितीय व्यक्तित्व और मूल्यों की अभिव्यक्ति प्रदर्शित हुए। इस अध्ययन के अनुसार, आधे से ज्यादा भारतीय ग्राहक (58%) पहली बार स्वतंत्र रूप से अपने द्वारा खरीदे गए फर्नीचर से गहरा भावनात्मक लगाव रखते हैं। साथ ही, 74% उत्तरदाता मानते हैं कि उनके घरों के फर्नीचर, फर्निशिंग और डेकोर न केवल उनके व्यक्तिगत का विकास प्रदर्शित करते हैं, बल्कि उनकी प्रोफेशनल और वित्तीय प्रगति का भी प्रतीक हैं। यह सर्वे देश में 2822 लोगों के बीच किया गया, जिसमें अपने लिविंग स्पेस के साथ लोगों के भावनात्मक और आकांक्षात्मक लगाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

# नशे का इंजेक्शन लगाया, शराब पिलाई, लॉज में रेप

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे से सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां दो नाबालिग लड़कियों के साथ रेप हुआ है। आरोपी दोनों लड़कियों को नशे वाला इंजेक्शन देने के बाद एक लॉज में ले गए थे, जहां उनके साथ इस घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच जारी है। घटना पुणे के राजगुरुनगर की है। आरोपियों ने पहले दोनो नाबालिग लड़कियों को नशे वाला इंजेक्शन लगाया था, जिसके बाद दोनों बेहोश हो गईं थीं इसके बाद आरोपी दोनों लड़कियों को एक लॉज में ले गए, जहां उन्होंने रेप की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता के मुताबिक, जब अगली सुबह वे अपने घर पहुंची तो उनकी हालात देख माता-पिता के होश उड़ गए। इस दौरान दोनों पीड़िताओं ने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। गुस्साए और घबराए माता-पिता दोनों को लेकर पुलिस स्टेशन पहुंच गए। पुलिस के सामने पीड़िताओं ने सारी आपबीती बताई। पीड़िताओं के मुताबिक, आरोपियों ने उन्हें नशीला पदार्थ देने के बाद शराब पी थी,इसके बाद उन्हें लॉज में ले जाया गया। आरोपियों ने दोनों बच्चियों पर पूरी रात अत्याचार किया। वहीं, मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम जांच में जुट गई।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### पत्रकार हत्या का मुख्य आरोपी ट्रेन से फरार

खबर के मुताबिक रास्ते में खंडवा रेलवे स्टेशन से आरोपी जमीरूद्दीन के भाग निकलने पर परेशान पुलिस कर्मियों ने उसकी तलाश के लिए स्टेशन के आसपास व अन्य जगहों पर काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ जानकारी नहीं मिल सकी। सफलता न मिलने पर इसकी जानकारी अधिकारियों को दी गई। एसपी डा. अजय पाल शर्मा के अनुसार जमीरूद्दीन के फरार होने की सूचना मिली है। इसके लिए जौनपुर पुलिस मुंबई पुलिस व आसपास की पुलिस टीम से संपर्क कर उसकी तलाश कर रही है। यूपी पुलिस की कस्टडी से अपराधियों के भागने की ये कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई आरोपी यूपी पुलिस की कस्टडी से फरार हो चुके हैं।

### 5 घंटे में पहुंचेंगे मुंबई से गोवा

उल्लेखनीय है कि साल दर साल गणेशोत्सव के दौरान मुंबई-गोवा हाईवे पर भारी ट्रैफिक जाम हो जाता है। कई साल से हाईवे के काम के चलते कई घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। गडकरी ने यह भी कहा है कि मुंबई-गोवा महामार्ग के पूरा होने के बाद मुंबई से गोवा 5 घंटे में पहुंचा जा सकेगा। मुंबई से कोंकण और गोवा जाने वाली भीड़ को देखते हुए मुंबई-गोवा हाइवे को 12 साल पहले ही मंजूरी दी गई थी। इस महामार्ग की दुर्दशा को लेकर अनेक आंदोलन भी हुए। पनवेल के पास पलासपे से इंदापुर तक चार लेन की सड़क का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है।

### नागपुर और विदर्भ में 2 दिन बेमौसम बारिश का येलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने दी जानकारी के मुताबिक, मुंबई में गर्मी के साथ-साथ उमस भी बढ़ने की संभावना है। ऐसे में कहा जा रहा है कि मुंबई में उमस बढ़ेगी और गर्मी बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान मुंबई में गर्म और उमस भरी स्थिति बनी रहने की संभावना है। ज्ञात हो कि मुंबई में पिछले दो दिनों से बहुत गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। मुंबई में तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि इसमें कमी आएगी, लेकिन उमस बढ़ेगी। उसम बढ़ने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में जहां तूफानी बारिश हो रही है, वहीं कुछ हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले एक से दो दिनों तक मुंबई सहित ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी इलाकों में हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है। इससे गर्मी से परेशान मुंबईकरों को थोड़ी राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने शनिवार को मुंबई और ठाणे के साथ-साथ रायगढ़, रत्नागिरी इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग द्वारा नागपुर और विदर्भ में फिर दो दिन का येलो अलर्ट जारी किया गया है। नागपुर क्षेत्रीय मौसम विभाग ने विदर्भ में तूफानी बारिश की आशंका जताई है। वहीं विदर्भ में रविवार तक बेमौसम बारिश की संभावना है। हालांकि मई महीने के 15 दिन बीत चुके है, लेकिन विदर्भ में गर्मी की तीव्रता के बजाय तूफान, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश का दौर लगातार जारी है। इस वजह से किसान परेशान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, मानसून 19 मई तक अंडमान में प्रवेश कर सकता है। फिर दक्षिण पश्चिम मानसूनी हवाएं 31 मई के आसपास केरल में प्रवेश करेंगी। ठीक इसके बाद यदि वातावरण अनुकूल रहा तो 7 से 10 जून के आसपास मानसून महाराष्ट्र में प्रवेश कर सकता है। देखा जाये तो मानसून के पहले ही महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश देखने को मिल रही है।

### पुलिस रिमांड में भिंडे करेगा कई राज का खुलासा

इस संबंध में भिंडे से ताल्लुक रखने वाले सभी अधिकारियों की जांच होगी और कसूरवार पाए जाने पर उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस को दिए भावेश भिंडे के बयान के अनुसार, घाटकोपर में हुई त्रासदी के बारे में पता चलते ही भिंडे अपने ड्राइवर के साथ मुंबई से बाहर भाग गया था। इसके बाद वह कुछ घंटों के लिए लोनावला के एक निजी बंगले में रुका था। भावेश को अंदाजा हो गया कि पुलिस उसी के पीछे पड़ी है। उसने ड्राइवर को नया मोबाइल का सिम कार्ड लाने के बहाने बाहर भेज दिया और एक घंटे के बाद भिंडे लोनावला बंगले से अकेले निकल गया था। उसके बाद लोनावला से भिंडे एक रिश्तेदार के घर रहने के लिए अहमदाबाद चला गया था, फिर वहां सड़क के रास्ते भिंडे उदयपुर चला गया और वहां अपने भतीजे के नाम पर एक होटल में एक कमरा बुक करके रह रहा था।

# दुनिया को बड़ी टक्कर देने के लिए इसरो के नए रॉकेट की डिजाइन तैयार, भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को लॉन्च करना होगा आसान

- एनजीएलवी का वजन 700 टन, ऊंचाई 246 फीट और व्यास 16 फीट होगा
- भविष्य में रॉकेट की लांचिंग के खर्च में आएगी कमी
- सरकार की हरी झंडी मिलते ही काम हो जाएगा शुरु


### रॉकेट बनाना होगा आसान

दोबारा इस्तेमाल करने वाले हिस्सों की वजह से रॉकेट लॉन्च का खर्च कम हो जाएगा। इसकी डिजाइन मॉड्यूलर होगी। ताकि ज्यादा मात्रा में इसका प्रोडक्शन किया जा सके। इसका बड़ा फायदा ये है कि इससे इसका मेंटेनेंस आसान हो जाएगा। इसमें सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम होगा।

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया रॉकेट तैयार होने वाला है। इसका डिजाइन फाइनल स्टेज में पहुंच चुका है। इसका नाम है नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी)। यह एक हैवी लिफ्ट रॉकेट होगा, जो दशकों से इसरो के काम आ रहे पीएसएलवी की जगह लेगा। इसकी डिजाइन पूरी होने वाली है। इसरो को अब सरकार की हरी झंडी का इंतजार है, ताकि डिजाइन को प्रैक्टिकल प्लेटफॉर्म पर उतारा जा सके। यानी इसका रॉकेट बनाया जा सके। एनजीएलवी रॉकेट तीन स्टेज का होगा। यह 10 टन के पेलोड को जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट तक पहुंचा सकेगा। साथ ही यह अन्य रॉकेटों की तुलना में किफायती होगा।

"इसरो के नए रॉकेट एनजीएलवी का डिजाइन बनकर तैयार है। बस अब सरकार की तरफ से रॉकेट बनाने का निर्देश मिलना बाकी है। जैसे ही हरी झंडी मिली। इसरो देश के लिए नया रॉकेट बना देगा। इसके बाद इसरो रॉकेट के मामले में अमेरिका, रूस, यूरोप, चीन समेत पूरी दुनिया को और बड़ी टक्कर देगा।"



### अलग-अलग वैरिएंट्स ले जाएंगे सैटेलाइट्स

*इसके अलग-अलग वैरिएंट्स बनाए जाएंगे। एनजीएलवी रॉकेट्स लोअर अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) तक 17 हजार से 48 हजार किलोग्राम के पेलोड ले जा पाएंगे। जबकि जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक 8500 से 24 हजार किलोग्राम तक के पेलोड को पहुंचा पाएंगे।*

### इस तरह होगा बड़ा फायदा

फायदों की बात करें तो इसरो भविष्य में इससे काफी भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स लॉन्च कर सकेगा। क्योंकि अभी तक इसरो के पास जो भी रॉकेट हैं, वो अधिकतम 4-5 टन के सैटेलाइट ही लॉन्च कर पाते हैं। यह रीयूजेबल रॉकेट होगा। यानी इसका कुछ हिस्सा फिर से इस्तेमाल करने लायक बनाया जाएगा।

### लॉन्चिंग होगी किफायती

*सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम यानी रिफाइंड केरोसिन और लिक्विड ऑक्सीजन को ईंधन के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। इस ईंधन के इस्तेमाल से भी खर्चा बचेगा। ओपन सोर्सेस पर मौजूद जानकारी के मुताबिक एनजीएलवी की ऊंचाई 246 फीट होगी। इसका व्यास 16 फीट होगा। वजन 600 टन से 700 टन के बीच होगा।*

## विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

# पाकिस्तान बंद करे आतंक की फैक्ट्री भारत बिल्कुल 'बर्दाश्त' नहीं करेगा

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान को खुले शब्दों में चेतावनी दी है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के प्रति सहनशीलता बहुत कम है। दिल्ली में सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान लगातार अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है।

विदेश मंत्री ने इस दौरान आतंकवाद के प्रति एक बार फिर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि साल 2014 में ही देश ने स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे किसी भी सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### खास बातें

- दिल्ली में सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को विदेश मंत्री ने किया संबोधित
- घटनाएं होती हैं तो नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इसके दिखेंगे परिणाम




### पाकिस्तान को बंद करना होगा आतंक

*उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने देश में लगातार आतंकियों को बढ़ावा दिया है। हालांकि, अगर वह इस तरह की हरकतों और अपने यहां पनपे इस उद्योग को बंद कर देता है तो भारत के लोग भी उसके साथ सामान्य पड़ोसी की ही तरह व्यवहार करेंगे।*

### भारत ने 2014 में दिया था स्पष्ट निर्णय

विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत के लोगों ने 2014 में बहुत स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे इसे स्वीकार नहीं करेंगे। देश किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के लिए सहिष्णुता बहुत कम है। घटनाएं भारत सहन बिलकुल नहीं करेगा।

### चीन से सीमा विवाद अधिक जटिल

चीन पर बोलते हुए उन्होंने ड्रैगन के साथ सीमा विवादों को अधिक जटिल बताया। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ संबंधों की जटिलता के तीन पहलू हैं। एक बुनियादी पहलू यह है कि सीमा क्षेत्र में शांति भंग हो गई है। जयशंकर ने कहा कि अगर कोई देश लिखित समझौते से पीछे हट गया है और भारत की सीमाओं पर कुछ कर रहा है, तो हम यह नहीं कह सकते कि व्यापार सामान्य रूप से जारी रहेगा और अन्य चीजें नहीं होंगी। दूसरे मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि चीन से संबंध व्यापार असंतुलन का मुद्दा भी है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापारिक समुदाय के साथ हमारी कुछ चुनौतियां हैं।

## ईरान के साथ चाबहार डील मामला

# भारत कोई भी फैसला अपने लिए करेगा किसी तीसरे के आधार पर नहीं: पीएम

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में ईरान और भारत के बीच हाल ही में हुए चाबहार समझौते पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चाबहार समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा समझौता है। साथ ही चाबहार समझौते पर अमेरिका की चेतावनी पर भी पीएम मोदी ने दो टूक जवाब दिया। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि भारत कोई भी फैसला अपने लिए करेगा, किसी तीसरे के आधार पर नहीं।



पीएम मोदी ने कहा कि हमारा नैरेटिव ये था कि हम इससे इतने दूर हैं, हम उससे इतने दूर हैं। हम समान दूरी बरतते थे, हमारी डिप्लोमेटिक भाषा में यही चलता था, मैंने कहा, कुछ नहीं करना है अब... मेरी भाषा है कि हम कितने नजदीक हैं। अब दुनिया में ये प्रतिस्पर्धा शुरू हुई कि निकट कैसे जाएं इसके। पहले दूर रहने की प्रतिस्पर्धा थी, अब बदल गया। अब सब लोगों में निकट आने की प्रतिस्पर्धा चल रही है।

ईरान के साथ चाबहार समझौता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'अब कल ईरान में बहुत बड़ा निर्णय हुआ है। यह हिंदुस्तान के अखबारों की हेडलाइन न्यूज है। और मेरे मिनिस्टर चाहबहार ईरान में थे। चाहबहार पोर्ट का फाइनल एग्रीमेंट हुआ है, सेंट्रल एशिया से जुड़ा हुआ हमारी अर्थव्यवस्था का यह बहुत बड़ा काम हुआ है। हेडटेबल क्या होता है जी? इन सारी लड़ाइयों के बीच में मेरा चाबहार का एग्रीमेंट हो जाता है।

### चेतावनी पर पीएम की प्रतिक्रिया

*पीएम मोदी ने भी अप्रत्यक्ष तरीके से अमेरिका को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम किसी तीसरे के आधार पर अपना निर्णय नहीं करेंगे। हम निर्णय हमारे लिए करेंगे। फलाने को बुरा लगेगा तो? इससे बात करेंगे तो? जी नहीं.... मैं सबसे बात करूंगा। राष्ट्रपति पुतिन अगर मेरी भरपूर तारीफ करते हैं, इसका मतलब ये नहीं कि मैं राष्ट्रपति पुतिन को मिलकर यह नहीं कह सकता कि दिस इज नॉट टाइम फॉर वॉर (यह युद्ध का समय नहीं है)। वो भी सम्मान करेंगे कि चलिए कोई मित्र है जो यह बताता है कि क्या सही है, क्या गलत है। यूक्रेन को भी मुझ पर इतना ही भरोसा है। मुझ पर यानी भारत पर। अमेरिका और रूस के साथ बैलेंस को लेकर पीएम मोदी ने कहा- मैं मानता हूं कि ये सब तब होता है जब आपके इरादे नेक हों, आपके प्रति विश्वास हो तो चोरी छिपे और अमेरिकंस से पूछ करके नहीं करना होता है। वैसे ही, मैं रशिया से, मेरे देश को सस्ते में पेट्रोल चाहिए तो मैं लूंगा। मेरे लिए जरूरी है तो मैं करूँगा। मैं छिपाता नहीं हूँ और मैं अपने टर्म्स पर मेरे देश को चलाता हूँ।*

# कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में आर्थिक संकट से किसी तरह की राहत नहीं मिल रही है। देश की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है और यह बात किसी से भी छिपी नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था की कमर टूटी हुई है और देश कंगाली से जूझ रहा है। साथ ही पाकिस्तान में महंगाई भी बहुत बढ़ गई है जिससे जनता भी परेशान है। कंगाली और बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था के साथ ही पाकिस्तान कर्ज में भी डूबा हुआ है। ऐसे में पाकिस्तान की सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की सभी सरकारी कंपनियों की बिक्री होगी। ज्यादातर सरकारी कंपनियाँ आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं और इनमें पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन्स भी शामिल हैं। ऐसे में घाटे में चल रही सभी सरकारी कंपनियों का निजीकरण किया जाएगा और उन्हें बेच दिया जाएगा। पाकिस्तान में सभी सरकारी कंपनियों को बेचने के फैसला देश में चल रहे आर्थिक संकट के चलते ही लेना पड़ा।

## एडीआर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा चुनाव आयोग से जवाब, अगली सुनवाई 24 को

# मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर जारी करें आयोग बोला- एक रात में इकट्ठा नहीं हो सकते

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा चुनाव आयोग को मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर जारी करने का निर्देश देने संबंधी याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण के मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर अपनी वेबसाइट पर मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत डेटा अपलोड करने के संबंध में चुनाव आयोग के वकील को तलब किया।

चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता। इसकी प्रोसेसिंग के लिए वक्त लगता है। अब 24 मई को अगली सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि चुनाव आयोग को याचिका पर जवाब देने के लिए कुछ उचित समय दिया जाना चाहिए।

### क्या कहा गया है याचिका में

ज्ञात हो कि पिछले हफ्ते, एनजीओ ने अपनी 2019 जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दायर किया था, जिसमें चुनाव पैनल को निर्देश देने की मांग की गई थी कि सभी मतदान केंद्रों के "फॉर्म 17 सी भाग- I की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां" मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।



### कितनी प्रतिशत वोटिंग हुई?

चुनाव आयोग ने गुरुवार (16 मई) को बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया आयोग ने कहा कि करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

### याचिकाकर्ता के वकील ने ये कहा

एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि निर्वाचन आयोग को फॉर्म-17 के आंकड़े प्राप्त करें और वेबसाइट पर डाल दें। शाम 6 से 7 बजे तक मतदान पूरा होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी के पास पूरे निर्वाचन क्षेत्र का डेटा होता है। इसके बाद भी आप इसे अपलोड क्यों नहीं करते हैं।

### चुनाव आयोग से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

इससे पहले सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह पेश हुए। वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि इस अदालत द्वारा 26 अप्रैल, 2024 को दिए गए फैसले में नियम 49 और फॉर्म 17सी सहित विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया गया है, जिस पर आवेदकों द्वारा भरोसा किया गया है। इसके अलावा आयोग के वकील सिंह ने कहा कि चुनाव के 4 चरण हो चुके हैं और चूंकि याचिका वर्षों से अदालत के समक्ष लंबित है, इसलिए ईसीआई को जवाब देने का अवसर दिया जाना चाहिए।

### राजनीतिक दलों ने उठाए थे सवाल, लगाए थे आरोप

दरअसल, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि मतदान के आंकड़े देर से जारी हो रहे हैं। ऐसे में मन में शक पैदा होता है। वहीं बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा था पहले आंकड़े समय पर जारी कर दिए जाते थे, मगर अभी जिस तरह से देरी हो रही है, उससे कहीं न कहीं गंभीर सवाल पैदा होते हैं। यह ठीक नहीं है।

### जल्द डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता

आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता है। यह एक सेट पैटर्न है। चुनाव की घोषणाओं से पहले पहले मतदाता सूची, फिर ईवीएम पर सवाल उठाया गया।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागी बैलिस्टिक मिसाइलें

**सियोल।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया की ओर से युद्धक विमानों से किए गए संयुक्त सैन्य अभ्यास के दूसरे दिन उत्तर कोरिया ने पूर्वी तट से कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ ने कहा कि पूर्वी तट वानसन क्षेत्र से लांच किए गए हथियारों ने कोरियाई



प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में गिरने से पहले लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय की। संयुक्त अभ्यास में दक्षिण कोरिया के दो एफ-35 एएस और अमेरिका के दो एफ-22 विमान शामिल हुए थे। उत्तर कोरिया की ओर से हाल के महीनों में लगातार हथियारों की टेस्टिंग जारी है। इस बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया भी क्षेत्र में लगातार संयुक्त अभ्यास कर रहा है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि बातचीत फिर से शुरू होती है तो उन्नत हथियार शस्त्रागार उसे अमेरिका से अधिक रियायतें हासिल करने का लाभ देगा।

## मुंबई समेत दुनिया के कई बड़े तटीय शहरों पर संकट

# समंदर में डूब सकता है बैंकॉक, थाईलैंड खोज रहा नई राजधानी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दुनिया भर के सैलानियों को अपनी ओर खींचने वाले थाईलैंड को अपनी राजधानी बैंकॉक बदलनी पड़ सकती है। दरअसल, थाईलैंड की मौजूदा राजधानी बैंकॉक के जलवायु परिवर्तन की वजह से समुद्र में डूबने का खतरा बढ़ गया है। थाईलैंड के क्लाइमेट चेंज ऑफिस के अनुसार, समुद्र के बढ़ते स्तर के कारण थाईलैंड को अपनी राजधानी बैंकॉक को ट्रांसफर करने पर विचार करना पड़ सकता है। पहले के कई अनुमानों में कहा गया है कि इस सदी के आखिर तक बैंकॉक के तटीय इलाकों के समुद्र में समाने का खतरा है। वैसे भी चकाचौंध वाला यह शहर बारिश के दिनों में भारी बाढ़ से जूझने लगता है।



### 2050 तक डूब सकते हैं ये शहर

क्लाइमेट सेंट्रल नाम के प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया के ये शहर 2050 तक डूब सकते हैं। ये हैं- अमेरिका का सवाना और न्यू ऑरिलिएंस, गुएना की राजधानी जॉर्जटाउन, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक, भारत के कोलकाता और मुंबई, वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी, इटली की वेनिस सिटी, इराक का बसरा, नीदरलैंड्स का एम्सटर्डम।

### क्यों हो रहा है जलवायु में बदलाव?

*सना रहमान के अनुसार, जमीन के भीतर बहुत सा कॉर्बन अलग-अलग रूपों में मौजूद है। ये कॉर्बन लाखों साल से धरती में मौजूद है। इस कॉर्बन को इतने साल तक रहने की वजह से धरती ने इसे अपने सीने से लगाए रखा और उससे एक लगाव सा हो गया। यह कॉर्बन पेट्रोलियम, गैस या कोयले के रूप में मौजूद रहा। शहरों के आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण की वजह से हमने धरती के भीतर के कॉर्बन को निकालना शुरू कर दिया। उस कॉर्बन को हमने इस्तेमाल के लिए गैस में बदल दिया। गैस की प्रकृति यह है कि यह कॉर्बन डाईआक्साइड के रूप में गर्मी को सोखती है। जब हमने धरती से कॉर्बन निकाल लिया तो वह गैस के रूप में गर्मी भी साथ रखता है।*

### मुंबई तो 2 मिमी की दर से समुद्र में समा रही है

*इटली की वेनिस सिटी में हर साल 2 मिलीमीटर भी पानी बढ़ जाएगा तो वह भी जल्दी डूब सकता है। अमेरिका के मियामी, न्यूयॉर्क जैसे तटीय शहरों पर भी यही खतरा है। आईआईटी मुंबई के शोधकर्ताओं ने बीते साल एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। इसके अनुसार, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई हर दो मिलीमीटर की दर से समुद्र में समा रही है, जिसकी बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है।इंडोनेशिया की राजधानी और देश का सबसे बड़ा शहर जकार्ता का नाम इस सूची में सबसे पहले नंबर पर है। जकार्ता की हालत ऐसी है कि यह हर साल समुद्र में 30.5 सेंटीमीटर तक समा रहा है।*

# ऑफलाइन पंजीकरण बंद होने से यमुनोत्री में हालात संभले, गंगोत्री में इंतजार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** ऑफलाइन पंजीकरण बंद किए जाने, बिना पंजीकरण धाम जाने वालों पर सख्ती बरतने और ऋषिकेश व हरिद्वार में तीर्थ यात्रियों को रोके जाने के बाद यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर हालात संभले नजर आए। हालांकि, यमुनोत्री धाम के अंतिम सड़क पड़ाव जानकीचट्टी से पालीगाड़ के बीच 35 किमी संकरे मार्ग पर वन-वे गेट सिस्टम होने से अब भी तीर्थ यात्रियों को आगे जाने के लिए पांच से सात घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ, गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था के पटरी पर आने का इंतजार जारी है। अब भी श्रद्धालुओं को उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम के बीच की 100 किमी दूरी तय करने में 12 घंटे से अधिक लग रहे हैं। इस राजमार्ग पर गंगनानी से भैरव घाटी के बीच जगह-जगह वन-वे गेट सिस्टम है, जहां तीर्थ यात्रियों के वाहनों को रोका जा रहा है। कपाट खुलने के बाद से चारों धाम में तीर्थ यात्रियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। गंगोत्री और यमुनोत्री



धाम में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस कारण दोनों धामों को जोड़ने वाले राजमार्गों पर यातायात व्यवस्था संभालना पुलिस-प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। इससे निपटने के लिए राजमार्गों पर जगह-जगह वन-वे गेट सिस्टम लागू किया गया है। बावजूद इसके यात्रा शुरू होने के एक सप्ताह बाद भी हालात नियंत्रित नहीं हुए। इसके चलते शासन ने बुधवार से ऑफलाइन पंजीकरण बंद कर दिया। इसके अलावा दोनों राजमार्गों पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए गंगोत्री-यमुनोत्री जाने वाले तीर्थ यात्रियों के वाहनों को ऋषिकेश व हरिद्वार में रोका जा रहा है। इसका परिणाम यह हुआ कि शुक्रवार को सुबह से लेकर दोपहर तीन बजे तक यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित डामटा बैरियर पर तीर्थ यात्रियों के 125 वाहन ही पहुंचे। इनमें करीब दो हजार तीर्थयात्री थे, जिन्हें पुलिस ने बड़कोट की ओर भेजा। वाहनों का दबाव घटने से राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारु रही। शाम के समय यमुनोत्री धाम और जानकीचट्टी क्षेत्र में वर्षा हुई। इससे दर्शन कर लौट रहे तीर्थ यात्रियों को पैदल मार्ग पर खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर अब भी तीर्थ यात्रियों को घंटों जाम का सामना करना पड़ रहा है। गंगनानी से गंगोत्री धाम के बीच वाहनों का दबाव बना हुआ है।

### सीसीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत : सीतारमण

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मंत्री ने उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सीतारमण ने कहा, 'मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए... । मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए। भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए।'

- **मंत्री ने उत्पाद निर्माण व अधिक परिष्करण पर दिया जोर**
- **वैश्विक मूल्य श्रृंखला में विनिर्माण की हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए**



## वृद्धि मॉडल अब दोहराया नहीं जा सकता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है। उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता।

## चीन पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी

'कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट' की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं।

## निवेश बढ़ाने की योजना

सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है। पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही हैं।'

## दुनिया के 50 फीसदी सेवा क्षेत्र पर भारत का कब्जा

सेवा क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) पर भारत का कब्जा है और यह महत्वपूर्ण घरेलू तथा वैश्विक अवसर उत्पन्न करने वाला सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। भारत में जीसीसी की संख्या इस समय 1,580 से अधिक हो गई है।

## निजी क्षेत्र की एक बड़ी भूमिका होगी

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार भारत की वृद्धि में निजी क्षेत्र को एक भागीदार के रूप में देखती है। उन्होंने कहा, 'हम निजी क्षेत्र की एक बहुत बड़ी भूमिका देखते हैं। हम वृद्धि में उनके साथ साझेदारी करना चाहेंगे। सरकार एक सुविधाप्रदाता व समर्थक के रूप में काम करेगी।'

## देश में बिकने वाले 99 फीसदी मोबाइल भारत में निर्मित

सीतारमण ने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं। सीतारमण ने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत पिछले साल 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ चीन के बाहर आईफोन के लिए एप्पल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बन गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# डाइट में लें नेगेटिव कैलोरी वाले फूड्स और तेजी से घटाए वजन



**नेगेटिव कैलोरी फूड्स :** वजन कम करने के लिए अक्सर लोग लो कैलोरी फूड ही खाना पसंद करते हैं। इसके अलावा सेहत को लेकर सचेत रहने वाले लोगों की डाइट में भी ज्यादा लो कैलोरी फूड्स ही शामिल होते हैं। मगर क्या आप जानते हैं लो कैलोरी फूड की बजाए नेगेटिव कैलोरी फूड मोटापा कंट्रोल में ज्यादा मददगार होते हैं। जी हां, नेगेटिव कैलोरी फूड न सिर्फ आपका वजन कंट्रोल करता है बल्कि उसे जरूरत के हिसाब से कम भी करता है। अगर आप भी हैल्थ कॉन्शियस है तो आपको इसके बारे में पता होना जरूरी है।

## क्या होती है नेगेटिव कैलोरी?

नेगेटिव कैलोरी फूड ऐसे खाद्य पदार्थ होते हैं, जिसे पचाने के लिए भी कैलरीज की जरूरत होती है। 100 ग्राम नेगेटिव कैलोरी फूड को पचाने के लिए आपके शरीर में से 200 कौलोरी बर्न होगी। दरअसल, ऐसे खाद्य पदार्थों में कोई पोषक तत्व नहीं होता सिर्फ कैलोरी होती है। यह आपके शरीर में जमा होकर वसा या फैट का नर्माण करने लगता है और इन फूड्स को पचाने के लिए शरीर कौलोरी बर्न करना शुरू करता है। इससे आपका वजन बढ़ने की बजाए कम होने लगता है।

## नेगेटिव कैलोरी फूड्स

नेगेटिव कैलोरी ज्यादातर पौधों से प्राप्त होने वाली चीजों में पाई जाती है। जामुन, नींबू के फल, गाजर, टमाटर, खीरे, तरबूज, उबचिनी, सलाद आदि नेगेटिव कैलोरी फूड्स होते हैं। इसके अलावा फूलगोभी, ककड़ी, सेब और तोरई में भी नेगेटिव कैलरी पाई जाती है। इन चीजों से आपको न सिर्फ हैल्दी कौलोरी मिलती है बल्कि इससे आपके शरीर को विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर भी भरपूर मात्रा में मिलते हैं। इतना ही नहीं, इनका सेवन मेटाबॉलज्मि को भी तेजी से बढ़ाता है, जिससे आपका वजन तेजी से कम होता है और कंट्रोल में भी रहता है।

## जंक और मीठे में होती है ज्यादा कैलोरी

दिनभर में खाएं जाने वाले खाद्य पदार्थ में थोडी-बहुत कैलोरी की मात्रा तो होती है लेकिन जंक और मीठे में सबसे ज्यादा कैलोरी होती है। इनमें पोषक तत्व नहीं होते इसलिए यह शरीर में फैट को जमा करके वजन बढ़ाने लगते हैं। जिन खाद्य पदार्थों में फाइबर और पानी की मात्रा ज्यादा होती है, उनमे कैलोरी की मात्रा कम पाई जाती है।

---





# बिना एक्सरसाइज 1 महीने में घटाएं जांघों और कूल्हों में जमी जिद्दी फैट !

मोटापा एक गंभीर समस्या है। आज हर तीसरा व्यक्ति मोटापे से परेशान है। वजन बढ़ने का सबसे ज्यादा असर पेट, जांघ और कूल्हों पर देखने को मिलती है। ज्यादातर इस परेशानी का सामना महिलाओं को ही करना पड़ता है। जांघ और कूल्हों के फैट के कारण कई बार दूसरों से सामने शर्मिंदा भी होना पड़ता है। अपनी शर्मिंदगी को कम करने और परफैक्ट फिगर पाने के लिए लड़कियां डाइटिंग और कसरत करने लगती है। जरूरत से ज्यादा कसरत करने पर शरीर में कमजोरी होने लगती है। ऐसे में आप बिना एक्सरसाइज के 1 महीने में जांघों और कूल्हों के फैट को कम कर सकते हैं।



**1. नारियल का तेल**
जांघों और कूल्हों का फैट कम करने के लिए नारियल तेल से मसाज करें। इसमें पाए जाने वाले गुण फैटी एसिड को ऊर्जा में बदल देते हैं। रोजाना जांघों और कूल्हों के आस-पास नारियल तेल से मालिश करने पर चर्बी आसानी से कम होने लगेगी।

**2. एप्पल साइडर विनेगर**
एप्पल विनेगर भी शरीर की चर्बी को कम करता है। आॅलिव ऑयल और नारियल तेल में एप्पल साइडर विनेगर डालकर एक मिश्रण तैयार करें। फिर रोजाना इस मिश्रण से जांघों और कूल्हों पर मसाज करें। दिन में दो बार इस तेल को लगाने से आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. कॉफी ग्राउंड**
कॉफी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट, कैफीन त्वचा को सेल्युलाइट और सेगिंग होने से रोकती है। इसको जांघों और कूल्हों पर स्क्रब करने से कुछ ही दिनों में आपको परफैक्ट फिगर मिलेगी। आप चाहे तो कॉफी में शहद मिलाकर भी लगा सकते हैं।

**4. कलौंजी का पानी**
वजन करने के लिए कलौंजी का पानी किसी औषधि से कम नहीं है। इसमें पाए जाने वाले गुण फाइवर फैट को कम करते हैं। कलौंजी को अच्छे से उबाल लें। फिर ठंडा होने पर इसका सेवन करें।

**5. पुदीने की चाय**
जाघों और कूल्हें के फैट कम करने के लिए पुदीने की चाय का सेवन करें। रोजाना पुदीने की चाय पीने से 1 महीने में आपकी जांघों और कुल्हें की चर्बी गायब हो जाएगी।

# क्या मच्छरों के काटने से भी हो सकता है एचआईवी?

मानसून के मौसम में पनपने वाले मच्छर मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियां फैलाते हैं। बहुत से लोग मच्छरों से होने वाली बीमारियों को लेकर कन्फ्यूज रहते हैं। उन्हें लगता है कि मच्छरों के काटने से भी एचआईवी की बीमारी हो सकती है, जोकि गलत है। आज World Mosquito Day के मौके पर हम आपको कुछ ऐसे सवालों का जबाव बताएंगे, जो शायद ही आपको पता हो।

**क्या मच्छरों से फैलता है HIV?**
अक्सर लोगों के मन में सवाल ये उठता है कि जब इंफेक्टेड इंजेक्शन के जरिए एचआईवी फैल सकता है तो मच्छरों के जरिए क्यों नहीं। एक्सपर्ट के मुताबिक, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मच्छर के भीतर हर तरह के वायरस सरवाइव नहीं कर पाते और एड्स का वायरस मच्छरों के पेट में जिंदा नहीं रह पाता। मच्छर के पेट में खून के साथ ही एचआईवी वायरस भी डाइजेस्ट हो जाते हैं और वह पूरी तरह खत्म हो जाते हैं। अगर मच्छर किसी एचआईवी इन्फेक्टेड व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति को भी काटता है तो भी यह नहीं फैलता।

**मच्छरों के काटने से खुजली क्यों होती है?**
मच्छरों के काटने से शरीर में खुजली शुरू हो जाती है क्योंकि मादा मच्छर जब खून पीने के लिए अपना डंक आपके शरीर में चुभाती है तो त्वचा की ऊपरी पर्त पर छेद हो जाता है। आपके शरीर में कहीं भी छेद हो तो तुरंत खून का थक्का जम जाता है। थक्का जम ने पर मच्छर खून नहीं पी पाते इसलिए मच्छर अपने डंक से एक ऐसा रसायन छोड़ते है, जिससे खून का थक्का नहीं बनता। मगर इसके रिएक्शन से त्वचा पर खुजली होने लग जाती है और वह जगह सूज भी जाती है।

**किस ब्लड ग्रुप को ज्यादा काटते है मच्छर**
शोधकर्ता मानते हैं कि मच्छरों में इतनी क्षमता नहीं होती कि वे हर तरह के ब्लड ग्रुप को पचा सकें। ऐसे में वह उन्हीं लोगों को ज्यादा काटते हैं, जिनके खून में शर्करा की मात्रा अधिक होती है। यही वजह है कि मच्छर ड ब्लड ग्रुप के लोगों को ज्यादा काटते हैं क्योंकि उनके खून में शर्करा की मात्रा ज्यादा होती है।

**पसीने की गंद भी करती है आकर्षित**
शोध में सामने आया है कि मच्छर पसीने की गंध से आकर्षित होते हैं। जिन लोगों को पसीना ज्यादा आता है मच्छर उन्हें ज्यादा काटते हैं। पसीने में लैक्टिक एसिड, यूरिक एसिड तथा अमोनिया जैसे तत्व होते हैं और जो मच्छरों को ज्यादा आकर्षित करते हैं।

**क्या मच्छर शाम को ही काटते हैं?**
मच्छर सुबह शाम ज्यादा एक्टिव होते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह दिन में नहीं काटेंगे। कुछ मच्छर ऐसे भी होते हैं, जोकि दिन के समय काट लेते हैं।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# क्या साबित कर करना चाहती हैं सोनम कपूर


**ब्लेजर** को स्टाइल करने के लिए एक आम इंसान कितना ही सोच सकता है। पेंट या ट्राउजर के साथ, ज्यादा ही है तो लड़कियां स्कर्ट के साथ स्टाइलिंग करने का तरीका निकाल सकती हैं। लेकिन एक्ट्रेस सोनम कपूर पर ब्लेजर को लेकर अलग ही खुमार देखने को मिल रहा है। अदाकारा को इस साल कई इवेंट में ब्लेजर पहने हुए स्पॉट किया गया। बेबाक अंदाज में सोनम ने बार-बार ब्लेजर पहनकर साबित किया कि फैशन में उनका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। वैसे तो अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर के पास स्टाइलिश आउटफिट की कोई कमी नहीं है लेकिन वो ट्रेंड फॉलो करने से ज्यादा अपना स्टाइल एस्टेब्लिश करने में भरोसा रखती हैं। तभी भी हर बार उनका नया फैशन लोगों को ध्यान खींच लेता है। इस बार अदाकारा का एक के बाद एक ब्लेजर लुक देखकर तो लग रहा है जैसे उन्हें इसकी लत लग गई है। जिसका सबूत उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर देखने को मिलता है। चलिए आपको भी दिखाते हैं सोनम कपूर के अलग-अलग ब्लेजर में यूनिक स्टाइल। सबसे पहले सोनम कपूर के लेटेस्ट आउटफिट की बात करें तो उनका स्टाइल एकदम डिफरेंट रहा। उन्होंने फैशन डिजाइनर के कलेक्शन से वाइट पैंट और सूट कैरी किया। उन्हें स्टाइलिस्ट रिया कपूर और अभिलाषा देवनानी ने स्टाइल किया था। एक्ट्रेस के इस लुक की खास बात रही कि उनका पैंट काफी ऊंचा यानी की नी लेंथ से थोड़ा नीचा था। जबकि कोट को प्लंजिंग नेकलाइन और 3/4 फ्लेयर्ड स्लीव्स में डिजाइन किया गया।



# फिर से एक्शन की तरफ बढ़े आयुष्मान खुराना



**पहले** फिल्म अनेक और फिर एन एक्शन हीरो, अभिनेता आयुष्मान खुराना ने दोनों ही फिल्मों में अपनी स्थापित छवि से अलग एक्शन जॉनर में स्वयं को आजमाया। दोनों फिल्में टिकट खिड़की पर भले ही सफल न हो पाई हो, लेकिन दोनों के लिए आयुष्मान को काफी सराहना मिली थी। अब आयुष्मान एक बार फिर एक्शन फिल्म करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बार वह फिल्मकार करण जौहर और प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा के साथ एक्शन फिल्म करने जा रहे हैं। यह फिल्म जासूसी की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, जिसमें आयुष्मान जासूस की भूमिका में होंगे। सिनेमाई गलियारों की रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म के निर्देशन की बागडोर आकाश कौशिक के हाथों में होगी। फिल्म में जासूसी रोमांच के साथ कॉमेडी के भी अंश होंगे। करण, गुनीत और आकाश तीनों के ही अनुसार, इस फिल्म के लिए आयुष्मान खुराना सबसे उपयुक्त अभिनेता हैं। अगर सब कुछ सही रहा तो अगले कुछ महीनों में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी।



# रॉयल थी रवीना टंडन की शादी

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस रवीना टंडन ने बॉलीवुड में फिल्म पत्थर के फूल से एंट्री की थी। रवीना इंडस्ट्री में एंट्री करते ही छा गई थीं। रवीना टंडन ने अपने करियर में कई शानदार फिल्मों में काम किया है और आज भी वो इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। उनकी कई फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी हैं। रवीना अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर हमेशा से सुर्खियों में रही हैं। उनकी शादी अनिल थडानी से 2004 में हुई थी। अनिल और रवीना की शादी को कई साल हो चुके हैं लेकिन उनकी शादी का वीडियो वायरल होता रहता है। रवीना की शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। रवीना टंडन और अनिल थडानी की शादी बहुत ही धूमधाम से हुई थी। उनकी शादी में फैमिली और कुछ खास लोग शामिल हुए थे। रवीना और अनिल ने उदयपुर के जग मंदिर पैलेस में शादी की थी। उनकी शादी पंजाबी और सिंधि रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। रवीना और अनिल की शादी की वीडियो और फोटोज वायरल हो रही हैं। दुल्हन के लिबास में रवीना बेहद खूबसूरत लग रही हैं। रवीना मंडप पर बैठी हुई हैं और शर्माती नजर आ रही हैं। वायरल हो रही फोटोज में अनिल रवीना के माथे पर किस करते नजर आ रहे हैं। एक फोटो उनके पेरेंट्स के आशीर्वाद देते हुए भी है।

